1,66,08,121.04	5.	लेखा संख्या 22 से 24 एवं लेखा संख्या 24 से 22 में अंतरण के रूप में क्षे.का.द्वारा बताई गई अधिकता	1,66,08,121.04
1,29,32,466.14	6.	लेखा संख्या 21 से 25 एवं लेखा संख्या 25 से 21 में अंतरण के रूप में क्षे.का. द्वारा बताई गई अधिकता	1,29,32,466.14
14,32,04,356.08		**31 मार्च को शेष**	**14,38,20,959.39**

31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.सं.) के लेखों पर भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट - टिप्पणियां	संगठन की अभ्युक्तियां
हमने 31 मार्च, 2015 तक **कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.सं.)** के संलग्न तुलनपत्र और इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए क.भ.नि. एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 5ए (6) के साथ पठित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के (दायित्व, शक्तियां एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(2) के अंतर्गत आय एवं व्यय लेखों तथा प्राप्तियां एवं भुगतान लेखों की लेखा परीक्षा कर ली है। इन वित्तीय विवरणियों में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 40 क्षेत्रीय कार्यालयों (क्षे.का.) के लेखे शामिल हैं। इन लेखों में से 4 क्षेत्रीय कार्यालय और 1 उप क्षेत्रीय कार्यालय की लेखापरीक्षा की गई थी तथा टिप्पणियों को इस रिपोर्ट में शामिल किया गया है । ये वित्तीय विवरणियां क.भ.नि.सं. के प्रबंधन की जिम्मेदारी हैं। इन वित्तीय विवरणियों पर अपने लेखा परीक्षा के आधार पर, अभिमत व्यक्त करना हमारी जिम्मेदारी है।	1. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।
2. इस पृथक लेखा परीक्षा में केवल वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखा प्रक्रियाओं के साथ समानुरूपता, लेखा मानक और प्रकटीकरण के मानदंड आदि से संबंधित लेखा निरूपण पर ही नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सी.ए.जी.) की टिप्पणियां निहित हैं । विधि अनुपालन, नियम व विनियम (औचित्य और नियमितता) और दक्षता एवं कार्यपालन पहलुओं आदि के संबंध में वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षा टिप्पणियों, यदि कोई हो, तो उन्हें निरीक्षण रिपोर्ट/सी.जी.ए. की लेखा परीक्षा रिपोर्टों के माध्यम से अलग से रिपोर्ट किया जाता है।	2. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।
3. भारत में सामान्यत: स्वीकृत लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार हमने लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के अनुसार यह आवश्यक है कि लेखा परीक्षा इस प्रकार योजना बनाकर की जाए जिससे कि वित्तीय विवरणियों में गलत विवरण न होने के संबंध में उचित आश्वासन मिल सके। लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरिणयों में परीक्षण आधार पर प्रकटित राशियों को समर्थित करने वाले प्रमाणों को परखना शामिल है। वित्तीय विवरणियों के कुल प्रस्तुतिकरण के मूल्यांकन के अलावा, प्रबंधकों द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण प्राक्कलनों तथा लेखाकरण सिद्धान्तों का निर्धारण भी लेखा परीक्षा में सम्मिलित है। हमारा मानना है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारे अभिमत का यथोचित आधार बनेगी।	3. तथ्यपूर्ण होने के कारण, कोई टिप्पणी नहीं ।

4. लेखापरीक्षा के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि :- (i) हमने ऐसी सभी सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए हैं जो हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्य की दृष्टि से आवश्यक हैं। (ii) तुलनपत्र और आय-व्यय लेखा तथा प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा, जिन पर इस रिपोर्ट में विचार किया गया है, उन्हें वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एक समान फॉर्मेट में तैयार नहीं किया गया है। (iii) क.भ.नि.सं. की लेखा बहियों एवं अन्य संगत अभिलेखों की जांच के बाद हमारा यह विचार है कि क.भ.नि. एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 5ए (5) के अनुसार वांछित रूप में ही क.भ.नि.सं. द्वारा लेखा बहियों एवं अन्य संबंधित रिकॉर्डों का रख-रखाव किया जा रहा है।	4. कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 5ए (5) के साथ पठित क.भ.नि.यो., 1952 के पैरा 55 के अंतर्गत उपलब्ध फॉर्मेट के अनुसार लेखों को तैयार किया गया ।
(iv) आगे हम रिपोर्ट करते हैं कि :	
ए. तुलनपत्र **ए.1 देयताएं**	
ए.1.1 ब्याज खाता (अनुसूची VI) - रू.33770.09 करोड़ 31 मार्च, 2015 तक 1.19 करोड़ कर्मचारी भविष्य निधि अंशदाताओं के खाते अद्यतन किए जाने शेष थे । अद्यतन न किए गए खातों की संख्या, मूलधन एवं इस पर ब्याज की गणना नहीं की गई है और इन्हें खातों में नहीं दर्शाया गया है ।	**ए-1.1** वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वर्ष तक लेखे सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से निर्धारित लेखा फार्मेट के अनुसार बनाए गए हैं। 31.1.2016 को 3.86 लाख खाते अद्यतन होने हेतु लंबित थे ।
ए.1.2 विविध जमा (अनुसूची XIV) रू. 279.28 करोड़ (i) उपर्युक्त में कर्मचारियों से प्राप्त राशि के बराबर क.भ.नि.सं. द्वारा नई पेंशन योजना में	**ए.1.2** **(i)** नई पेंशन योजना को वित्त वर्ष 2013-14 से लागू किया गया है।

अनिवार्य अंशदान रू. 3.13 करोड़ की राशि में शामिल नहीं है। इसके परिणामस्वरूप इतनी ही राशि का व्यय कम करके बताया गया है जिससे विविध जमाएं कम हुई तथा राजस्व अधिशेष रू.3.13 करोड़ अधिक दर्शाया गया है।	वर्ष 2012-13 के दौरान विविध जमा के अन्तर्गत नई पेंशन योजना की राशि रू.32.52 करोड़ थी जो 2013-14 में घट कर रू.15.29 करोड़ तथा वर्ष 2014-15 और घट कर रू.3.13 करोड़ रह गई है। इस राशि को चालू वित्त वर्ष में परिसमाप्त कर दिया जाएगा ।
(ii) उ.क्षे.का. झिलमिल ने अप्रेल, 2004 में डी.एस.आई.आई.डी.सी. से रू. 194335/- मासिक किराए पर फलैट्ड फैक्टरी कांपलेक्स में, झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली में कार्यालय स्थान (दूसरा एवं तीसरा तल) किराए पर लिया है। यह पाया गया है कि 25.4.2014 से 31.3.2015 तक किराए की राशि रू. 21.77 लाख एवं शेष धरोहर राशि रू. 2.51 लाख का भुगतान डी.एस.आई.आई.डी.सी. को नहीं किया गया है एवं लंबित है। चूंकि किराए की राशि का भुगतान अभी किया जाना है इसके लिए देनदारी बनाई जानी चाहिए थी, परन्तु ऐसा नहीं किया गया है। इसके चलते विविध जमा एवं व्यय रू.24.28 लाख कम दर्शाया गया है।	(ii) स्थान के परिमाप में थोड़ा अंतर होने के कारण लीज़ डीड निष्पादित नहीं की गई है। जैसे ही लीज़ डीड निष्पादित होगी, भवन के मालिक को भुगतान कर दिया जाएगा ।
(iii) उपर्युक्त में उ.क्षे.का. लक्ष्मी नगर से संबंधित रू. 14.92 लाख व्यय की देयता जिसका भुगतान नहीं किया गया है सम्मिलित नहीं है। परिणाम स्वरूप देयता एवं व्यय रू.14.92 लाख कम दर्शाया गया है।	(iii) क.भ.नि.सं.के वार्षिक लेखे सी.ए.जी. द्वारा अनुमोदित फॉर्मेट में वास्तविक आधार पर बनाए जाते हैं, इसे लेखों में नहीं दर्शाया गया है।
ए.2 परिसंपत्तियां	
ए.2.1 भूमि एवं भवन - अधिगृहित परिसंपत्तियां - 448.53 करोड़ रू. दो निर्माण कार्य अर्थात् "क्षेत्रीय कार्यालय में चौथे तल का निमार्ण" एवं उप.क्षे.का का अंबातूर में "पायलट सेंटर का निर्माण" क्रमश: वर्ष 2009 एवं 2005 में पूर्ण कर लिया गया है। परन्तु इन परिसंपत्तियो को निर्धारित परिसंपत्ति- भूमि एवं भवन (परिसंपत्ति) में अंतरित नहीं किया गया था बल्कि मुख्यालय, नई दिल्ली से अंतिम बिल के अनुमोदन में देरी एवं खर्च न की गई राशि प्राप्त न होने के कारण भूमि एवं भवन (अग्रिम) के अन्तर्गत दर्शाया गया है। परिणामस्वरूप भूमि एवं भवन (अग्रिम) की 2.13 करोड़ रू. बढ़ाकर एवं निर्धारित परिसंपत्तियों (भवन) को कम करके बताया गया है।	**ए.2.1** क्षे.का. चेन्नै के अतिरिक्त कार्यालय भवन के संबंध में अंतिम बिल का निपटान नहीं हुआ है चूंकि इसकी योजना अनुमति अनुमोदन चेन्नै मेट्रोपॉलिटन डेवलेपमेंट प्राधिकारी से अगस्त, 2015 में प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार उप.क्षे.का. अंबातूर का निर्माण मैसर्स राईट्स लि. द्वारा किया गया था जिसके लिए रू. 35,49,108/- का भुगतान अग्रिम के रूप में किया गया था जबकि खर्च का अंतिम बिल रू. 33,24,613/- अर्थात् अग्रिम से कम था। राईट्स लि. ने हालांकि रू. 1,64,274/- वापिस कर दिया है परन्तु शेष राशि रू. 60,221/- मय ब्याज अभी क.भ.नि.सं. को वापिस किया जाना शेष है। चूंकि क.भ.नि.सं. के लेखे वास्तविक आधार पर तैयार किए जाते हैं

	उपर्युक्त दो परियोजनाओं के संबंध में परिसंपत्तियों को चालू वित्त वर्ष में कार्य समाप्त होने पर भूमि एवं भवन (परिसंपत्तियों) के अंतर्गत अंतरित कर दिया जाएगा।
ए.2.2 वर्ष 1997-98 से 2005-06 के दौरान संबंधित पक्षों द्वारा निवेश पर काटे गए तथा आयकर विभाग में जमा कराए गए रू. 8.37 करोड़ के टी.डी.एस. की वसूली अभी तक नहीं हुई है । टी.डी.एस. को परिसंपत्ति के रूप में न दिखाए जाने से परिसम्पत्तियों तथा देयता को उतनी राशि से कम कर बताया गया है ।	**ए.2.2** उक्त राशि की वापसी के लिए मामले को अध्यक्ष, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के साथ उठाया गया है ।
ए.2.3 रोकड़ एवं बैंक शेष (i) क.अ.नि.सं. को भारतीय स्टेट बैंक से ओवरड्राफ्ट सीमा प्राप्त हुई है । दिनांक 31.03.2015 तक ओवरड्राफ्ट सीमा के अंतर्गत रू.494.25 करोड़ ओवरड्राफ्ट बकाया हैं । प्रयुक्त ओवरड्राफ्ट को न तो देयताओं के अंतर्गत दर्शाया गया है न ही लेखों में इसका खुलासा किया गया है । (ii) रू.687.28 करोड़ की राशि को लेखा संख्या 1 के संबंध में क.अ.नि. तुलन पत्र (अनुसूची XXI) में ऋणात्मक रोकड़ बही शेष के रूप में दर्शाया गया है। इसी प्रकार रू.216.54 की राशि को लेखा संख्या 10 के संबंध में क.पै.यो. तुलन पत्र (अनुसूची IV) में ऋणात्मक रोकड़ बही शेष के रूप में दर्शाया गया है ऋणात्मक शेष दर्शाना लेखांकन के स्वीकृत सिद्धान्त के अनुरूप नहीं है एवं इसका प्रकटीकरण लेखा नोट्स में किया जाना चाहिए था।	**ए.2.3** (i) क.अ.नि.सं. के तुलनपत्र के फॉर्मेट का अनुमोदन भारत सरकार ने भारत के सी.ए.जी. के परामर्श से किया है । उक्त फार्मेट के देयता पक्ष में ऋण प्रविष्टि के लिए कोई प्रावधान नहीं है। (ii) वर्ष 2014-15 के लिए क.अ.नि.सं. के वार्षिक लेखे सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से निर्धारित लेखा फार्मेट के अनुसार बनाए गए हैं।
ए.2.4 विशेष जमा लेखा (लेखा संख्या 4) रिकार्ड के अनुसार क.अ.नि. लेखा सं.4 (केन्द्रीय प्रशासन निधि) का विशेष जमा के अन्तर्गत निवेश 31.3.2015 को रू. 12,777.82 करोड़ था (परन्तु इसे क.अ.नि. लेखा संख्या 4 (केन्द्रीय प्रशासन निधि) के तुलन पत्र में रू. 12,770.19 करोड़ बताया गया है। परिणामस्वरूप 31.3.2015 के अन्त शेष में रू. 7.63 करोड़ की भिन्नता है।	**ए. 2.4** मामले को पुन: भारतीय रिजर्व बैंक एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के पास भेजा गया है जहां इस खाते का रखरखाव किया जाता है। तथापि, भारतीय रिजर्व बैंक ने संबंधित अवधि 1989-1990 से 1998-1999 के लेखा विवरण उपलब्ध करवाने में असमर्थता जताई है क्योंकि उनके पास रिकार्ड उपलब्ध नहीं है।
ए.2.5 क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (उत्तर) क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (उत्तर) के तुलनपत्र में स्टाफ भविष्य निधि शीर्ष के अन्तर्गत आदि शेष रू. 24.27 करोड़ दर्शाया गया है जबकि स्टाफ भविष्य निधि की ब्रॉडशीट के अनुसार आदिशेष रू. 27.35 करोड़ था इसके परिणामस्वरूप रू.3.08 करोड़ का अंतर है। इस कारण से देयता एवं परिसपत्तियों को रू. 3.08 करोड़ रूपए कम करके बताया गया है। मामले को लेखापरीक्षा द्वारा	**ए.2.5** छूट गई प्रविष्टियों का पता लगाने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं एवं इसे चालू वित्तीय वर्ष में समायोजित कर लिया जाएगा।

संज्ञान में लाने पर क्षे.का. ने सूचित किया है कि इस अंतर को कुछ समय से आगे ले जाया जा रहा था एवं इसे लेखापरीक्षा को सूचित करते हुए समायोजित कर दिया जाएगा।	
बी. आय एवं व्यय लेखा **बी.1 आय (मुख्यालय)** रू. 2.85 करोड़ की राशि सी.बी.ई.सी. एवं सी.बी.डी.टी (सी.बी.ई.सी.: रू. 1.37 करोड़ एवं सी.बी.डी.टी. रू. 1.48 करोड़) से प्राप्त की जानी है जो जुलाई, 2011 से फरवरी, 2015 से मासिक विद्युत, जल प्रभार एवं हुडको विशाला में समान्यत: साझे रूप से प्रयोग में लाई गई सेवाओं के रखरखाव से संबंधित है। परन्तु इसे क.भ.नि.सं., मुख्यालय के तुलन पत्र में प्राप्ति योग्य राशि के रूप में नहीं दर्शाया गया है। परिणामस्वरूप आय एवं वर्तमान परिसंपत्तियों को 2.85 करोड़ कम करके एवं व्यय को 2.85 करोड़ बढ़ाकर बताया गया है।	बी.1 वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखे सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से निर्धारित लेखा फार्मेट के अनुसार वास्तविक आधार पर बनाए गए हैं । अत: राशि जो प्राप्त नहीं हुई है उसे वर्ष 2014-15 के वार्षिक लेखों में नहीं दर्शाया गया है ।
सी. लेखों एवं लेखा नीतियों पर नोट **सी.1** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा तुलनपत्र/ आय व्यय लेखे में कुछ टिप्पणियां की गई है, जो स्पष्ट नहीं हैं । इसका विवरण नीचे दिया गया है:- i) क.भ.नि.सं. ने निष्क्रिय खातों की संख्या तथा मूलधन एवं इस पर ब्याज का विवरण नहीं दिया है ।	**सी.** **सी.1** (i) वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखे सरकार द्वारा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श से निर्धारित लेखा फार्मेट के अनुसार बनाए गए हैं। 31.3.2015 को रू. 35531.39 करोड़ की राशि निष्क्रिय खाते में लंबित है।
ii) उत्तर प्रदेश वित्त निगम में निवेशित रू. 25.00 करोड़ की मूलधन राशि अप्रैल 2004 से प्राप्त नहीं हुई है । इस राशि की ब्याज सहित प्राप्ति को लेखों में नहीं दर्शाया गया है ।	(ii) यू.पी.एफ.सी. ने माननीय उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय (2011 की 1760 रिट याचिका बेंच) के चूक राशि भुगतान आदेश का पालन नहीं किया है। उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका फाईल की जा रही है।

iii) निम्नलिखित पार्टियों से निवेश पर रू. 51.25 करोड़ के ब्याज का भुगतान निम्नलिखित विवरण के अनुसार लंबित है । इन राशियों की प्राप्ति का लेखों में खुलासा नहीं किया गया है ।

(रू. लाखों में)

क्र.सं.	स्थापना का नाम	चूक की अवधि	ब्याज
1.	उत्तर प्रदेश वित्तीय निगम	2004 से	4155.75
1.	मैसर्स प्रदेशिया इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन उ.प्र.लि. (यू.पी. पी.आई.सी.यू.पी.)	2003 से	307.72
2.	मैसर्स रिचर्ड एंड क्रुडडास (आर.सी.एल.)	2002 से	338.79
3.	मैसर्स बैंगलोर महानगर पालिका	2004 से	130.64
4.	मैसर्स पी.एस.आई.डी.सी	2004 से	6.69
5.	एच.एम.टी. मशीन टूल्स लिमिटेड बी.आई.एफ.आर. मामला	1996 से	185.83
	कुल		5125.42

(iii)

1. यू.पी.एफ.सी. ने माननीय उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय (लखनऊ बेंच) के चूक राशि भुगतान आदेश का पालन नहीं किया है। उच्च न्यायालय में अवमानना याचिका फाईल की जा रही है।
1. ब्याज की वसूली के लिए माननीय उ.प्र.उच्च न्यायालय इलाहबाद के समक्ष रिट याचिका दायर की गई है।
2. ब्याज की वसूली के लिए उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की जा रही है।
3. जारीकर्ता द्वारा परिपक्वता राशि के देरी से भुगतान के कारण भारतीय स्टेट बैंक को ब्याज का भुगतान करने हेतु कहा गया है।
4. पी.एस.आई.डी.सी. से चूक की राशि की वसूली के लिए दावा प्रस्तुत किया गया है।
5. एच.एम.टी. ने सिटी सिविल न्यायालय, बैंगलोर में दायर वसूली कार्रवाई पर रोक लगाने के लिए बी.आई.एफ.आर. में आवेदन दायर किया है।

(iv) लेखा नीति संख्या (V) के अनुसार भूमि एवं भवन को छोड़कर चल परिसंपत्तियों पर किए गए व्यय को राजस्व व्यय माना गया है तथा भवन पर कोई मूलह्रास प्रदान नहीं किया गया था जिसके परिणामस्वरूप अचल परिसम्पत्तियां बढ़ाकर तथा राजस्व व्यय कम करके बताया गया है । इस लेखा नीति से लेखा मानदंड 10 का उल्लंघन हुआ है । वर्ष 2006-07 से 2013-14 की रिपोर्टों में बताए जाने के बावजूद वही परिपाटी वर्ष 2014-15 में जारी रही । अचल परिसंपत्तियों के विवरण के अभाव में लेखापरीक्षण द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की परिसंपत्तियों का निर्धारण नहीं किया जा सका । परिसंपत्तियों के अच्छे स्थिति में होने, अविकसित तथा क्षतिग्रस्त होने संबंधी प्रमाणपत्र भी रिकॉर्ड में नहीं था ।	(iv) क.भ.नि.सं. के लेखा मैनुएल के प्रावधानों के अनुसार, भूमि एवं भवन को छोड़कर सभी परिसम्पत्तियों को राजस्व व्यय माना जाता है तथा भूमि एवं भवन पर किसी मूल्यह्रास का प्रावधान नहीं है । इस तथ्य का खुलासा तुलनपत्र में पाद-टिप्पणी के माध्यम से तथा वर्ष 2013-14 की क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखों के साथ अग्रेषित क.भ.नि.सं. की लेखाकरण नीति पर नोट में भी किया गया तथा इसे भारत के सी.ए.जी. के परामर्श से भारत सरकार द्वारा निर्धारित लेखा फॉर्मेट के अनुसार अपनाया गया है । अत: अन्य मदों पर हुआ व्यय राजस्व व्यय का भाग है । इस परिपाटी का अनुसरण संगठन के आरम्भ से किया गया है।
डी. सामान्य **डी.1** लेखों का यूनीफार्म फॉर्मेट: वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2001 में निर्धारित लेखों के यूनीफार्म फॉर्मेट को क.भ.नि.सं. द्वारा अपनाया नहीं गया है । हालांकि 2007 में सहमत होने के बावजूद क.भ.नि.सं. ने लेखों के यूनीफार्म फॉर्मेट को अपनाने हेतु निश्चित समय-सीमा के विषय में नहीं बताया । लेखों के यूनीफार्म फॉर्मेट को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय द्वारा सभी स्वायत्त निकायों के लिए लेखों में पारदर्शिता लाने के लिए निर्धारित किया गया था तथा सभी संगठनों को लेखों की एक्रूअल पद्धति (accrual system) को अपनाना चाहिए ।	**डी.1** क.भ.नि.सं. के लिए सी.ए.जी. द्वारा सुझाए गए कॉमन फॉर्मेट की तर्ज पर संशोधित लेखा फार्मेट को उचित श्रम एवं रोजगार मंत्रालय को सी.ए.जी. के अनुमोदन प्राप्त करने के लिए एवं तत्पश्चात क.भ.नि.यो. 1952 में संशोधन हेतु भेजा गया था। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने कुछ स्पष्टीकरण मांगे थे जिनका जवाब अब दे दिया गया है। आगे यह सूचित किया जाता है कि आई.सी.ए.आई. - ए.आर.एफ. सेवाएं विद्यमान लेखा पद्धति के स्थान पर एक्रूअल पद्धति आधारित दोहरी प्रविष्टि लेखा पद्धति अपनाने हेतु अध्ययन करने के लिए ली गई थी। आई.सी.ए.आई. - ए.आर.एफ. से रिपोर्ट प्राप्त हो गई है एवं इसकी जांच की जा रही है।

डी.2 वार्षिक मूल्यांकन: कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के पैरा 32 के अनुसार केन्द्र सरकार के लिए एक मूल्यांकनकर्त्ता की नियुक्ति करके उसके द्वारा कर्मचारी पेंशन निधि का वार्षिक मूल्यांकन करवाना आवश्यक है । वर्ष 2012-14 हेतु मूल्यांकन रिपोर्ट रू. 7832.74 करोड़ का संयुक्त निवल दायित्व अथवा घाटा दिखाती है । रू. 7832.74 करोड़ का घाटा तथा इस घाटे को पूरा करने के स्रोत को लेखों में नहीं दर्शाया गया है । इसके अलावा, वर्ष 2014-15 के लिए मूल्यांकन नहीं किया गया है जिसका योजना की परिसंपत्तियों एवं दायित्वों पर प्रभाव हो सकता था ।	**डी.2** पैरा 32 के अंतर्गत बीमांकिक मूल्यांकन, बीमांकन के अनुसार लेखांकन मूल्यांकन से भिन्न है । यहां उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013-14 की मूल्यांकन रिपोर्ट में रू. 7832.74 करोड़ के संयुक्त निवल दायित्व/घाटे के संबंध में मूल्यांकन करने वाले बीमांकक द्वारा कहा गया है कि यह घाटा वर्तमान मूल्य के संदर्भ में कुल दायित्व का 2.50% है और इसलिए यह चिंता का विषय नहीं है यह भी एक तथ्य है कि कर्मचारी पेंशन निधि ने अपनी शुरूआत से ही किसी प्रकार के कैश फ्लो घाटे का सामना नहीं किया है और न ही इस प्रकार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई देती है । अत: बीमांकिक घाटे को पूर्ण करने के लिए फंड जुटाने की तुरंत कोई आवश्यकता नहीं है । 2. इसके अलावा, यह भी कहा जाना चाहिए कि निधि के परिचालन के अनुभव तथा बीमांकिक की सिफारिशों के आधार पर कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के उपबंधों में संशोधन करने के कई उपाय किए गए हैं जबकि कुछ अन्य विचाराधीन हैं जिनका घाटा कम करने में सकारात्मक प्रभाव होगा । इनमें से कुछ उपाय इस प्रकार हैं : I. निधि की सदस्यता केवल उन कर्मचारियों तक सीमित रखी गई है जिनका वेतन कार्यग्रहण के समय रू.15,000/- प्रतिमाह की वेतन सीमा से कम अथवा रू.15,000/- प्रतिमाह है । II. सदस्य तथा नियोक्ता के संयुक्त विकल्प से कर्मचारी पेंशन योजना में वेतन सीमा से अधिक वेतन पर अंशदान करने के उपलब्ध प्रावधान को वापस ले लिया गया है जिससे क.पें.यो. निधि पर दायित्व को सीमित किया गया है । सरकार की ओर से 1.16% की दर से अंशदान को भी केवल उन कामगारों तक सीमित रखा गया है जो वेतन सीमा से कम पर योजना की सदस्यता लेते हैं और केवल रू. 15,000/- तक ही इसे रखा गया है । III. दिनांक 01.09.2014 से बढ़ी हुई वेतन सीमा (रू. 6500/-

	प्रतिमाह से रू. 15000/- प्रतिमह) को देखते हुए पेंशन लाभों की गणना उत्तरव्यापी प्रभाव तथा यथानुपात आधार पर वेतन सीमा में वृद्धि से पूर्व तथा बाद में सेवाकाल पर विचार करते हुए की जा रही है । अत: लाभों के अंनजाने में दुरूपयोग से बचने के उपाय किए गए हैं । IV. पेंशन योग्य वेतन की गणना जो कि लाभों के निर्धारण में एक घटक है, पूर्व में लागू 12 माह की औसत मजदूरी के स्थान पर अब औसतन पांच वर्षों के आधार पर की जाती है । उपर्युक्त संशोधन जी.एस.आर. संख्या 610 (ई) दिनांक 22.08.2014 द्वारा किए गए थे । उपर्युक्त संशोधनों के प्रभाव का मूल्यांकन आने वाले वर्षों के बीमांकिक मूल्यांकन के दौरान किया जाएगा । 3. वर्ष 2014-15 के मूल्यांकन के संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि मूल्यांकन हेतु मूल्यांकनकर्त्ता/बीमांकिक की नियुक्ति की जा चुकी है और रिपोर्ट के शीघ्र प्राप्त होने की आशा है । परिसंपत्तियों तथा दायित्वों पर बीमांकिक मूल्यांकन प्रभाव जैसा कि खुलासा किया जाएगा तथा बीमांकिक की सिफारिशों को केन्द्रीय न्यासी बोर्ड, क.भ.नि. के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और बोर्ड द्वारा संस्तुत किए गए अन्य कोई भी अंशशोधन अथवा अन्य उपाय केन्द्र सरकार को विचारार्थ तथा समुचित कार्रवाई हेतु भेजे जाएंगे ।
डी.3 क.भ.नि.सं. के रिकॉर्ड के अनुसार उप क्षे.का., झिलमिल में 31.03.2015 को न्यायालय/अधिकरण में 32 मामले लंबित थे जिसमें रू. 21.65 करोड़ की राशि निहित थी । लेखांकन मानक 29 के अनुसार इस राशि को क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखों में उप शीर्ष आकस्मिक दायित्वों में लेखों के नोट अथवा फुटनोट के द्वारा दिखाया जाना चाहिए था परंतु इसे नहीं दिखाया गया है ।	**डी.3** वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखों को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की मंत्रणा से भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए गए लेखों के फार्मेट के अनुसार तैयार किया गया है ।
डी.4 फरवरी, 2014 को 8 क्षेत्रीय कार्यालय तथा उप क्षे.कार्यालयों से संबंधित 11,13,903 अंशदाताओं के खाते रू. 1013.29 करोड़ ऋणात्मक शेष दर्शा रहे थे जो कि जून, 2014 को वसूली के पश्चात् 365814 खाते तथा रू. 330.87 करोड़ रह गया । विवेकपूर्ण तथ्य है कि अंशधारकों के	**डी.4** क.भ.नि.सं. द्वारा ऋणात्मक शेष के समाशोधन का कार्य शुरू किया गया है । अखिल भारतीय स्तर पर ऋणात्मक शेष के कारणों की जांच के व्यापक प्रयास आरंभ किए गए हैं । यह पाया गया कि

खातों में शेष हमेशा धनात्मक होना चाहिए ।

ऋणात्मक शेष के तथ्य तथा इसकी वर्तमान स्थिति को लेखों में नहीं दर्शाया गया है अन्य क्षेत्रों में इसी प्रकार के मामलों की पहचान करने के लिए कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

अक्सर ऋणात्मक शेष लेखांकन त्रुटियों के कारण थे । फिर भी, कुछ ऐसे मामलों में ऋणात्मक शेष अधिक भुगतान के कारण हैं । अत्यधिक भुगतान समिति को इन ऋणात्मक शेषों के कारणों की पहचान करने का कार्य सौंपा गया है । किसी भी कर्मचारी की ओर से लापरवाही के कारण हुए ऋणात्मक शेष के मामले में, समिति संबंधित कर्मचारी से वास्तविक राशि की वसूली की सिफारिश करती है ।

डी.5 लेखांकन प्रक्रिया मैनुअल (सामान्य) के पैरा 6.9.1 के अनुसार भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा प्रतिदिन प्राप्त अंशदान तथा अन्य देयों की राशि को भारतीय स्टेट बैंक के संबंधित लिंक बैंक में उसी दिन प्रेषित किया जाना चाहिए । अंतरण में किसी भी प्रकार की देरी होने से निधि तथा उस पर प्राप्त ब्याज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा । इसके अलावा बैंक के पास जमा राशि को स्थापना के चालान प्रस्तुत करने की तारीख के सात दिनों के भीतर क.भ.नि.सं. के खाते में क्रेडिट किया जाना होता है । राशि के अंतरण में विलंब होने से इसकी बचत दरों से 2% अधिक दर से ब्याज देना होता है ।

रिकॉर्डों की जांच करने से पता चला कि मार्च, 2015 तक बैंक से देरी के कारण रू. 3.89 करोड़ (क.भ.नि.सं., मुख्यालय, रू. 0.86 करोड़ तथा क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर) वज़ीरपुर, रू. 3.03 करोड़) की राशि देय थी । इस तथ्य का लेखों में नोट्स के माध्यम से खुलासा नहीं किया गया है ।

डी.5 वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखे नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श के अनुसार भारत सरकार द्वारा निर्धारित लेखों के प्रारूप के अनुसार तैयार किए गए हैं । फिर भी, देरी से भुगतान पर ब्याज का दावा करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ मासिक बैठकें की जाती हैं ।

डी.6 क.भ.नि.सं. निम्नलिखित शीर्षों के अंतर्गत उचंत खाते का परिचालन करता है ।

(रू. करोड़ों में)

क्र.सं.	**शीर्ष का नाम**	**शीर्ष के अंतर्गत वर्गीकृत राशि**
	विविध जमा	
1.	उचंत खाता (अवर्गीकृत क.भ.नि.)	71.61
2.	उचंत खाते (प्रशा. निधि)	49.03
	विविध नामे	
3.	उचंत खाते (अवर्गीकृत क.भ.नि.)	86.31
4.	उचंत खाते (प्रशा. निधि)	18.59

उपर्युक्त शीर्षों के अंतर्गत पड़े शेष का विवरण ना तो ऑडिट को उपलब्ध कराया गया और न ही क.भ.नि.सं., मुख्यालय के पास यह उपलब्ध था । उचंत खातों के परिचालन से लेखों की सटीकता में कमी आती है ।

डी.6 फील्ड कार्यालयों के साथ-साथ मुख्यालय में भी रिकॉर्ड का रखरखाव किया जा रहा है । फील्ड कार्यालयों को इस संबंध में सुधारक कार्रवाई करने के निदेश दिए गए हैं ।

इसके अतिरिक्त, लेखांकन प्रक्रिया मैनुअल भाग-I के अध्याय -10 के अंतर्गत पैरा 10.6 पैरा VII के अनुसार, प्रत्येक वर्ष तुलनपत्र में परिसंपत्तियों तथा दायित्व दोनों ओर ट्रांजेक्शन तिथि, संक्षिप्त विवरण, राशि आदि को दर्शाते हुए "अवर्गीकृत उचंत" के अंतर्गत शेष के विवरण को दर्शाने वाला विवरण संलग्न किया जाना चाहिए । फिर भी मैनुअल प्रावधानों में विनिर्दिष्ट विवरण को वार्षिक लेखों के साथ संलग्न नहीं किया गया है ।

डी.7 क.भ.नि.योजना तुलनपत्र में फुटनोट में, कर्मचारियों से देय अनुमानित राशि दर्शायी गई है :

(रू. करोड़ में)

(क)	क.भ.नि. अंशदान	1395.14
(ख)	अंशदान, प्रशासनिक प्रभार तथा निरीक्षण प्रभार पर दांडिक नुकसानी	1404.43

वास्तविक आंकड़ों के स्थान पर अनुमानित आंकड़ों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि क.भ.नि.संगठन के पास देयों के निर्धारण के लिए कोई ठोस तथा स्वीकार्य तरीका नहीं है । अनुमान के आधार का भी लेखों में खुलासा नहीं किया गया है ।

डी.7 रिकॉर्ड का रखरखाव फील्ड कार्यालयों में किया जाता है और सही मात्रा का निर्धारण एक अर्द्धन्यायिक जांच के बाद किया जाता है।

डी.8 क.भ.नि.सं. की प्रतिभूतियों (निवेश) का विवरण लेखों पर नोट्स में नहीं दर्शाया गया है ।

डी.8 वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखों को भारत नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के परामर्श के अनुसार भारत सरकार द्वारा निर्धारित लेखों के प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है ।

डी.9 क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नै

(i) समय बाधित (Time -Barred) चैक जिन्हें रद्द नहीं किया गया और पुन: लेखांकन नहीं किया गया, इस प्रकार पाए गए ।

लेखा संख्या	**मूल्य (रू. करोड़ में)**
1	11.61
2	0.86
10	52.32
21	0.16
कुल	**64.95**

समय बाधित चैकों को रद्द न करने तथा इन चैकों के मूल्य को 'प्राप्तियों' के रूप में

डी.9

(i) ऑडिट की टिप्पणी को भविष्य में अनुपालन हेतु नोट कर लिया गया है ।

लेखांकन के न करने के परिणामस्वरूप बैंक शेष के साथ-साथ दायित्वों को कम करके दर्शाया गया है ।

(ii) लेखा संख्या 2 - रोकड़ बही शेष का अपूर्ण समाशोधन - रू. 1.87 करोड़ के लघु क्रेडिट की निकासी नहीं

लेखा संख्या 2 की रोकड़ बही के अनुसार वर्ष 2000-2001 तक रू. 1,58,90,168.80 करोड़ की राशि 'लघु क्रेडिट' के रूप में बैंक खाते में दिखाई गई है । यह देखा गया कि 31.03.2000 को अंत:शेष को 01.04.2000 को आदिशेष के रूप में आगे ले जाने में कुछ समाशोधन किए गए और इस प्रक्रिया के क्रम में 31.03.2000 को अंत:शेष रू. 15,890,168.80 बढ़ गया और लेखा संख्या 2 के रोकड़ बही आंकड़े को भी रोकड़ बही आंकड़ा तथा बैंक विवरण आंकड़े को 'लघु क्रेडिट' के रूप में बैंक खाते में रखकर बढ़ा दिया गया है । फिर भी, इन सुधारों के परिणामस्वरूप लेखा संख्या 2 के संबंध में प्राप्तियों एवं भुगतान का वर्गीकृत सारांश क्षेत्र द्वारा केन्द्रीय कार्यालय को नहीं भेजा गया क्योंकि मैनुअल का पैरा 7.27.2 वर्गीकृत सारांश के प्रदर्शन के लिए रोकड़ बही (बैंक) में वास्तविक ट्रांजेक्शन पर बल देता है ।

निम्नलिखित लघु क्रेडिट/अधिक डेबिट भी लंबे समय से निकासी के लिए लंबित हैं

(रू. रूपयों में)

I.	त्रुटिपूर्ण/अधिक नामे	5.00
II.	3/2006 तक चालान प्राप्त परंतु क्रेडिट नहीं	18.17,798.19
III.	चालान प्राप्त परंतु 6/2007 एवं 7/2007 में क्रेडिट नहीं	1573.00
IV.	8/2006 में लेखा संख्या 1 में गलती से क्रेडिट किया गया	170.00
V.	4/2007 एवं 5/2007 में लेखा संख्या 1, 10 एवं 21 में गलती से क्रेडिट किया गया	436265.21
VI.	6/2007, 12/2007, 6/2008 तथा 12/2008 में गलती से डेबिट	593738.84
कुल	कुल	28,49,550.24

अत: रू. 1.87 करोड़ (रू. 1.59 करोड़ +रू. 0.28 करोड़) के लघु क्रेडिट की अभी तक निकासी की जानी है ।

(ii) मामले को हल करने के लिए समाधान कार्रवाई की जा रही है ।

ई. सहायक अनुदान

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन का वित्त पोषण मुख्यत: अंशदान से प्राप्तियों तथा प्रशासनिक प्रभारों की उगाही से होता है । वर्ष 2014-2015 के दौरान संगठन द्वारा भारत सरकार

ई. तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं ।

से कोई सहायक अनुदान प्राप्त नहीं हुए थे ।	
(iii) प्रबंधन पत्र लेखापरीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित नहीं की गई कमियों को सुधारक / निवारक कार्रवाई हेतु अलग से जारी प्रबंधन पत्र के द्वारा केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ध्यान में लाया गया है ।	**एफ.** नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा पाई गई कमियों को नोट कर लिया गया है तथा निवारक कार्रवाई की जा रही है ।
v. पिछले पैरा में दी गई टिप्पणियों को देखते हुए, हम रिपोर्ट करते हैं कि तुलन पत्र तथा आय एवं व्यय खाते तथा प्राप्तियां एवं भुगतान खाते लेखा पुस्तिका के अनुसार सही हैं ।	**v.** तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं ।
vi. हमारे विचार में तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार, उपर्युक्त वित्तीय विवरण उपर्युक्त पैरा एवं उपर्युक्त अन्य महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखा परीक्षा रिपोर्ट के परिशिष्ट के अधीन है तथा यह भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुसार एक सत्य एवं निष्पक्ष मत प्रस्तुत करता है । ए. जहां तक तुलनपत्र का संबंध है, यह कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 31 मार्च, 2015 तक के क्रियाकलापों को दर्शाता है । बी. जहां तक आय एवं व्यय लेखे के अधिशेष का संबंध है, यह उस तिथि को समाप्त वर्ष से संबंधित है ।	**vi.** तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं ।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की ओर से / के लिए

ह0/-

महानिदेशक लेखा परीक्षा

केन्द्रीय व्यय

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : 11.02.2016

पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट का परिशिष्ट

पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट का (परिशिष्ट) - टिप्पणियां	संगठन की अभ्युक्तियां
1. आंतरिक लेखा परीक्षा तंत्र की पर्याप्तता	
1. कुल 130 इकाइयों में से 130 इकाइयों के आंतरिक लेखापरीक्षण की योजना बनाई गई पर केवल 120 इकाईयों की लेखापरीक्षा पूरी की गई है ।	1. वर्ष 2013-14 में 88 इकाइयों की लेखा परीक्षा की तुलना में वर्ष 2014-15 में पर्याप्त सुधार हुआ है । लेखा परीक्षा प्रकोष्ठ में स्टाफ एवं अधिकारियों की कमी के कारण लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका ।
2. आपत्तियों का निपटान करने के लिए उचित अनुवर्ती कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि दिनांक 31.03.2015 तक 6497 आंतरिक ऑडिट पैरा लंबित थे ।	2. कुल मिलाकर वर्ष के दौरान लगभग 7000 पैरा की जांच की गई , 3404 पैरा का निपटारा किया गया जबकि 1260 पैरा जोड़े गए थे ।
2. आंतरिक नियंत्रण तंत्र की पर्याप्त मॉनीटरिंग	
• क्षेत्रीय कार्यालय/फील्ड कार्यालयवार परिसंपत्तियों के विवरण जैसे अचल संपत्ति, संपत्ति सूची, ऋण एवं अग्रिम, वर्तमान देयताएं आदि के अभाव में मदों को उनके पूरक रिकार्ड के साथ वित्तीय बहियों के अनुसार समाशोधित करना संभव नहीं था। अत: परिसंपत्तियों एवं देयताओं के समाशोधन के संबंध में आंतरिक नियंत्रण अपूर्ण है।	• रिकार्डों का रखरखाव फील्ड कार्यालयों में किया जाता है तथा समाशोधन करने के लिए मुख्यालय द्वारा इसकी देख-रेख की जाती है ।
• कर्मचारी भविष्य निधि संगठन मुख्यालय के संबंध में वर्ष 2014-15 अवधि से संबंधित 14 बाह्य लेखापरीक्षा पैरा लंबित थे।	• सभी पैरा के उत्तर अगस्त, 2015 में सी.ए.जी. को प्रस्तुत किए गए हैं ।
• अधिक भुगतानों में लगातार बढ़ोतरी संगठन में अपर्याप्त मॉनीटरिंग को दर्शाती है।	• सभी आंतरिक लेखा परीक्षा दल तथा क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्तों को ऐसे भुगतान की वसूली के लिए अनुदेश जारी किए गए थे। अधिक भुगतानों की वसूली के लिए संबंधित इकाईयों द्वारा क्षे.भ.नि.आ. के नेतृत्व में समिति गठित की गई थी । मुख्यालय द्वारा उसकी निगरानी की जा रही है ।
• विविध नामे (अनुसूची XXII) के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च, 2015 तक क्रमश: रु. 4.23 करोड़ तथा रु. 5.94 करोड़ के अधिक भुगतान का संचयी शेष समाविष्ट है। एक वर्ष की अवधि में अधिक भुगतानों की राशि रु. 0.52 करोड़ तक बढ़ गई	• सभी आंतरिक लेखा परीक्षा दल तथा क्षेत्रीय भ.नि. आयुक्तों को ऐसे भुगतान की वसूली के लिए अनुदेश जारी किए गए थे। अधिक भुगतानों की वसूली के लिए संबंधित इकाईयों द्वारा क्षे.भ.नि.आ. के नेतृत्व में

है जो प्रणाली की गंभीर चूक तथा पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण की कमी को इंगित करती है ।	समिति गठित की गई थी । मुख्यालय द्वारा उसकी निगरानी की जा रही है ।
3. **परिसंपत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन की व्यवस्था** • वर्ष 2014-15 के लिए क.भ.नि.सं., मुख्यालय तथा क्षे.का. (उ.) की अचल परिसंपत्तियों के प्रत्यक्ष सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है । • वर्ष 2014-15 के लिए उ.क्षे.का. लक्ष्मी नगर, दिल्ली की अचल परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया । • वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 के लिए क्षे.का. कोलकाता तथा क्षे.का., थाणे की अचल परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन अभी नहीं हुआ है ।	• तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं । • वर्ष 2014-15 हेतु उ.क्षे.का., लक्ष्मीनगर (झिलमिल) की अचल संपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जा रहा है । इस उद्देश्य के लिए एक समिति गठित की गई है । • वर्ष 2013-14 तथा 2014-15 के लिए क्षे.का., कोलकाता एवं थाणे की अचल संपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन कर लिया गया है तथा संपत्ति रजिस्टर में संबंधित प्रमाणपत्र भी समाहित किया गया है ।
4. **सामान सूची के प्रत्यक्ष सत्यापन की व्यवस्था** • क.भ.नि.सं., मुख्यालय तथा क्षे.का. दिल्ली (उत्तर) के संबंध में वर्ष 2014-15 तक पुस्तकों, प्रकाशनों तथा लेखन सामग्री एवं कंज्युमेबल्स का प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया तथा सामग्री की कमी के संबंध में कोई रिपोर्ट नहीं की गई । • क्षे.का., थाणे एवं उ.क्षे.का., लक्ष्मी नगर, दिल्ली में वर्ष 2014-15 तक पुस्तकों, प्रकाशनों तथा लेखन सामग्री एवं कंज्युमेबल्स का प्रत्यक्ष सत्यापन नहीं किया गया ।	• तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं । • वर्ष 2014-15 के लिए क्षे.का. थाणे तथा उप.क्षे.का., लक्ष्मीनगर (झिलमिल) के कंज्युमेबल्स/नॉन- कंज्युमेबल्स का प्रत्यक्ष सत्यापन किया जा रहा है । इसके लिए एक समिति गठित की गई है ।
5. **सांविधिक देयों के भुगतान में नियमितता** • लेखों के अनुसार 31.03.2015 तक सांविधिक देयों के संबंध में पिछले 6 महीनों से कोई भुगतान बकाया नहीं है।	• तथ्यों पर आधारित होने के कारण कोई टिप्पणी नहीं।

प्रबंध पत्र का परिशिष्ट

1. जैसाकि निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.), स्टाफ भ.नि. (एस.पी.एफ.), पेंशन एवं ग्रेच्युटी निधि, कर्मचारी पेंशन योजना (क.पें.यो.) तथा कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा योजना (ई.डी.एल.आई.) के संबंध में क.भ.नि.सं. द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेश के विवरण तथा तुलनपत्र के आंकडों के बीच अंतर थे । इस अंतर का समाशोधन किया जाना अपेक्षित है ।

(रू. करोड़ों में)

निवेश का स्रोत	क.भ.नि. का तुलनपत्र			क.पें.यो. का तुलनपत्र	क.नि.स.बी. का तुलनपत्र
	क.भ.नि.	स्टा. भ.नि.	पेंशन सह ग्रेच्युटी		
वर्ष 2014-15 के तुलनपत्र (क) के अनुसार शेष	378729.93 (अनुसूची XV)	1144.91 (अनुसूची XVI)	2264.41 (अनुसूची XVII)	239733.29 (अनुसूची II एवं III)	15711.12 (अनुसूची II एवं III)
क.भ.नि.सं. (ख) की प्रतिभूतियों द्वारा प्रस्तुत विवरण	97,775.37	364.94	673.89	53795.37	2501.02
राज्य सरकार	77,973.36	254.78	508.06	33668.38	1969.50
सरकार गारंटित प्रतिभूतियां	13,681.35	23.60	45.80	6525.20	322.80
विशेष जमा योजना	52,845.36	83.33	91.79	1,400.52	2.50

1. तुलनपत्र में दर्शाए गए शेयर पूंजी तथा निवेश भाग में दिखाए गए शेयर पूंजी में अंतर अनिवार्यतः इस कारण से होते है, जब तुलनपत्र में परिशोधन के पश्चात् शेयर पूंजी लागत दर पर प्रतिबिंबित होते है उन्हें निवेश पक्ष में अंकित मूल्य पर रखा जाता है । अतः परिशोधन के पश्चात् लागत दर एवं अंकित मूल्य के बीच अंतर, भुगतान किए गए प्रीमियम/प्राप्त किया गया डिस्कांउट तथा किस हद तक उसे पहले से परिशोधित किया गया, पर निर्भर होता है । चूंकि प्रतिभूतियां नियमित रूप से खरीदी जाती हैं, अतः परिशोधन की गणना एक गतिशील एवं सतत प्रक्रिया है तथा इसके कम्प्यूटिंग के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है ।

पब्लिक सेक्टर (सार्वजनिक क्षेत्र) वित्तीय संस्थान	111595.95	339.04	693.35	50,167.3	2,775.58
प्राइवेट सेक्टर बॉन्ड्स	25,587.12	70.40	236.78	12,935.48	640.20
सार्वजनिक लेखा	-	-	-	80038.99	7511.39
कुल (ख)	379458.51	1136.09	2249.67	238531.24	15722.99
अंतर (क) -(ख)	**(-) 728.58**	**8.82**	**14.74**	**1202.05**	**(-) 11.87**

क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली (उत्तर) (वज़ीरपुर)

2. क्षे.का., वजीरपुर के प्राप्ति एवं भुगतान एवं खाता सं. 02 के आंकड़ों के बीच अंतर पाए गए थे तथा जैसा कि ऑडिट को प्रस्तुत अग्रिम के विवरण में दर्शाया गया था । इन विसंगतियों का विवरण निम्नानुसार है -

(रू. करोड़ों में)

क्र.सं.	वसूली योग्य अग्रिम	वसूल किए खातों के अनुसार अग्रिम की राशि	प्रस्तुत किए गए विवरण के अनुसार अग्रिम राशि	खाते के अनुसार ब्याज की राशि	प्रस्तुत किए गए विवरण के अनुसार ब्याज की राशि	अंतर
		वर्ष के दौरान	ऑडिट को		ऑडिट को	
1.	कंप्यूटर अग्रिम	318102	322728	73086	64518	अग्रिम रू. 4626 ब्याज रू.

2. त्रुटियों को सुधारने का कार्य आरंभ किया गया है ।

						8568
2.	वाहन अग्रिम	282608	281288	26601	30359	अग्रिम रू. 1320 ब्याज रू. 3758
3.	गृह निर्माण अग्रिम	278039	284124	308757	293904	अग्रिम रू. 6085 ब्याज रू. 14853

इस मामले की ओर इंगित करने पर विभाग ने उत्तर दिया है कि यह प्रणालीगत/लिपिकीय त्रुटि के कारण है यानि कि मूल राशि के अंतर्गत वसूली की गई राशि को ब्याज में तथा इसके विपरीत क्रम में दर्शाया गया है । इसे अगले वर्ष के तुलनपत्र तैयार करते समय संशोधित कर लिया जाएगा ।

3. दिनांक 31 मार्च, 2015 तक क.भ.नि. लेखों में रू. 308266.43 करोड़ की राशि अंशदाताओं के शेष के रूप में दर्शायी गई है । क्षेत्रीय कार्यालयों में व्यक्तिगत अंशदाताओं के खातों का समाशोधन इलैक्ट्रॉनिक रूप से किया जा रहा है । मुख्यालय के साथ-साथ क्षे.का. के स्तर पर अलग से किसी ब्रॉडशीट का रखरखाव नहीं किया जा रहा है।

3. इलैक्ट्रॉनिक चालान सह-रिटर्न को शुरू किया गया है जिसके द्वारा रिटर्न एवं अंशदान समाशोधित किए जाते हैं तथा व्यक्तिगत खाते में जमा किए जाते हैं । अंशदाताओं के लिए अपने अंशदान ऑनलाइन देखना अब संभव है । क्षेत्रीय कार्यालयों के वार्षिक लेखे तैयार करते समय उनके द्वारा प्राप्त किया गया कुल अंशदान दर्शाया जाता है तथा क.भ.नि.सं. का वार्षिक लेखा तैयार करने हेतु मुख्यालय द्वारा उन्हें समेकित किया जाता है । क्षेत्रीय कार्यालयों के वार्षिक लेखा को संबद्ध राज्यों के महालेखाकार द्वारा लेखा परीक्षा की जाती है ।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
Employees' Provident Fund Organisation
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
मुख्यालय : भविष्य निधि भवन
Head Office : Bhavishya Nidhi Bhawan
14, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
14, Bhikaji Cama Place, New Delhi-110066

Website: www.epfindia.com : www.epfindia.gov.in : www.epfindia.org